## खबर संक्षेप

### बच्चे को विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलायें

**कटनी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के.अठ्या ने बताया दस्तक अभियान द्वितीय चरण जिले में 18 फरवरी से चलाया जा रहा है। 5 वर्ष तक के बच्चों में रोग से लड़ने की ताकत एवं जीवन जीने की संभावना बढ़ाने दस्तक दल द्वारा विटामिन ए पिलाने का काम किया जा रहा है। उन्होनें बताया विटामिन ए शिशु के लिए जीवन वरदान है। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। बाल्यावस्था में होने वाली आम बीमारियों निमोनिया, दस्त, खसरा जैसी जानलेवा बीमारियों से भी बच्चे का बचाव होता है। इससे बाल मृत्यु में कमी आती है। दस्तक दल द्वारा 9 माह से 12 माह के बच्चों को 1 एम.एल. एवं 1 साल से लेकर 5 साल तक के बच्चों को 2 एम.एल. विटामिन ए की खुराक पिलाई जा रही है। सी.एम.एच.ओ. डॉ अठ्या ने 5 साल तक के बच्चों के अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा है कि आपके नजदीकी क्षेत्र में मंगलवार अथवा शुक्रवार को आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर बच्चे को ले जाकर निःशुल्क विटामिन ए की खुराक और एनीमिया की जांच निशुल्क अवश्य कराऐं।

### पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने संबंधी बैठक 3 मार्च को

**कटनी।** जिले के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा दिये जाने और पर्यटन की संभावनाओं से संबंधित बैठक 3 मार्च को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव करेंगें। बैठक में पुलिस अधीक्षक, वनमंडल अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम आयुक्त, अधीक्षक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सहित सभी एसडीएम और लोकनिर्माण विभाग, आरईएस, जल संसाधन के कार्यपालन यंत्रियों और मानवजीवन विकास समिति के अध्यक्ष एवं संयोजक इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरर के बैठक में उपस्थित रहने कहा गया है।

### राज्यपाल के प्रवास के मद्देनजर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की लगी ड्यूटी

**कटनी।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के 27 फरवरी को कटनी जिले के ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम कोठी में प्रवास के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के मुताबिक हेलीपैड स्थल दादर सिहुड़ी में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी और दिनेश असाटी सिलौड़ी की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं हेलीपैड स्थल में ग्रीन हाउस एवं सेफ हाउस में नितिन पटेल कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बरही की और ग्राम कोठी स्थित स्वागत स्थल में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ढीमरखेड़ा अजय मिश्रा और मल्टी पर्पज हॉल ग्राम कोठी में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बड़वारा संदीप सिंह तथा ग्राम कोठी में पीएम आवास निरीक्षण के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़ मनीष शुक्ला तथा ग्राम कोठी में आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ढीमरखेड़ा अजीत तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था का प्रभारी एसडीएम ढीमरखेड़ा विंकी सिंहमारे को और सहायक प्रभारी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आशीष अग्रवाल को बनाया गया है।

### समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों बेचने पंजीयन 10 मार्च तक

**कटनी।** समर्थन मूल्य पर उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर जिले में चना, मसूर एवं सरसों का पंजीयन कार्य जारी है। किसान भाई गेहूँ के पंजीयन हेतु निर्धारित जिले के सभी 55 पंजीयन केन्द्रों पर सभी कार्यदिवसों में 10 मार्च तक चना, मसूर एवं सरसों की बिक्री हेतु पंजीयन करा सकते हैं। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार एवं अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

---

### महाशिवरात्रि पर्व पर आज जिले भर के शिवालयों में होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन, मंदिरों में लगेगा भक्तों का तांता

# भोलेबाबा बनेंगे दूल्हा, धूमधाम से निकलेगी बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महाशिवरात्रि पर्व पर आज बुधवार को जिले भर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में कार्यक्रमों को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। कहीं देवाधिदेव महादेव की बारात निकालने की तैयारियां की गई हैं तो कहीं जलाभिषेक, भजन कीर्तन, जागरण, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन होगा। विजयराघवगढ़ के नीलकंठेश्वर धाम, बरही के विजयनाथ धाम एवं कटनी नगर के मधई मंदिर में शिव बारात निकालने की तैयारी है।

मधई मंदिर में आज 26 फरवरी को विविध धार्मिक आयोजन होंगे। सुबह 4 बजे भस्म आरती, 7 बजे से 12 बजे तक भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दर्शन व पूजन होगा। मंदिर के पुजारी बिहारी महाराज ने बताया कि दोपहर 3 बजे से भव्य भगवान शंकर की बारात व शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 7.30 बजे से महाआरती व प्रसाद का वितरण होगा। बाबा भोलेनाथ की भव्य बारात नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी। बारात में श्रद्धालु भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों का दर्शन करेंगे। भक्ति संगीत, झांकियों




और ढोल-नगाड़ों के बीच भक्तगण 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ शामिल होंगे। शाम को श्यामा श्याम भजन मंडल द्वारा भजनो की प्रस्तुति दी जाएगी। यहां भी निकलेगी भोलेनाथ की बारात

#### इन मंदिरों में रहेगी धूम

शहर के अन्य शिवालयों में भी पर्व की धूम रहेगी। गुरुनानक वार्ड स्थित शिव मंदिर, हीरागंज स्थित शिव मंदिर, अधारकाप शिव मंदिर, घंटाघर शिव मंदिर, मधुर महादेव, गौरीशंकर मंदिर माधवनगर, शिव मंदिर माधवनगर नगर, शिवमंदिर एसकेपी, शिव मंदिर दुर्गाचौक, शिव मंदिर साधूराम स्कूल, शिव मंदिर माई नदी सहित ग्रामीण इलाकों के मंदिरों में धूम रहेगी। अद्धालु पूरे दिन शिव आराधना करेंगे और रात्रि में जागरण व भजन-कीर्तन होगा। हर ओर शिवमय वातावरण रहेगा। शहर के प्रमुख मार्गों पर सजावट की जा रही है, जिससे महाशिवरात्रि का पर्व और भी भव्य लगेगा। बहोरीबंद स्थित रूपनाथ धाम में भी भगवान भोलेनाथ की विशेष अराधना की जाएगी। इसके अलावा हुनमत कुटी आश्रम देवरीकलां में पूजा होगी।

#### विजयनाथ धाम बरही

बरही नगर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली जाएगी, जिसकी तैयारी में लोग जुटे है। हजारों की संख्या में भगवान भोलेनाथ की बारात देखने लोग पहुंचेगे। भगवान भोलेनाथ की बारात नगर के राम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य बाजार कमानिया गेट बस स्टैंड होते हुए विजयनाथ धाम पहुंचेगी। बारात का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। नगर के विजयनाथ धाम शिव मंदिर में विराजमान भोलेनाथ की बारात प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष में बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली जाएगी नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और अपना सहयोग प्रदान करेंगे। वहीं ऐतिहासिक कार्यक्रम में भूतनाथ नंदी औधड़दानी शामिल होंगे जो आकर्षण का केंद्र बनेगा, जिसे देखने लोगों का हजूम उमड़ेगा। वहीं लोगों में भारी उत्साह का माहौल है। सुरक्षा व्यवस्था में जगह-जगह पुलिस बल बड़ी संख्या में तैनात रहेगा।

#### जगन्नाथ मंदिर में भंडारा

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री जगदीश स्वामी मंदिर कमेटी द्वारा जगन्नाथ महाभंडारे का आयोजन किया जा रहा है। 26 फरवरी को प्रातः 8 बजे भगवान शिवजी का पूजन और अभिषेक किया जाएगा। शाम 5 बजे भगवान को महाभंडारे के प्रसाद का भोग लगाने के पश्चात महा आरती कर भंडारे के प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया जाएगा।



#### बजरंग धाम पठरा में होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन, भरेगा मेला

महाशिवरात्री पर्व पर बजरंग धाम पठरा में स्थित शिवालय में भगवान शिवशंकर की मंदिर में स्थापित शिवजी का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। सुप्रसिद्ध बजरंग धाम पठरा मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि मंदिर समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह बघेल का आयोजन में विशेष सहयोग है। मंदिर में शिवरात्री के पावन अवसर पर मंदिर में हवन पूजन एवम संकीर्तन आयोजित किये जाएंगे। रात्री में रामायण मंडली के द्वारा रामायण का गायन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के द्वारा कथा का श्रवण किया जाएगा। मेला समिति के अध्यक्ष संतोष रजक ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर सुप्रसिद्ध बजरंग धाम पठरा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पांच दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। मेला में विभिन्न ग्रामों से पहुंचे दुकानदार दुकान लगाएंगे। मेला में आकाशीय झूला,चकरी, जादू के खेल, नौटंकी विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। मंदिर के प्रमुख पुजारी लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि 5 दिनों तक मंदिर में भक्ति व सन्त समागम की रस धारा बहेगी एवं महा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

---

### उप जिला विवाह रजिस्ट्रार ने की कार्यवाही

## विलंब से जानकारी देने पर दो पंचायत सचिवों पर 6750 रूपए की शास्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विवाह पंजीयन के आवेदन का निराकरण निर्धारित समय-सीमा से 9 दिन विलंब करना लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत पदाभिहित अधिकारी एवं ग्राम बनगवां और मतवार पड़रिया के पंचायत सचिवों को महंगा पड़ गया। इसके लिए इन पर संयुक्त रूप से 6750 रूपये की शास्ति आरोपित की गई है।

#### इन पर की गई कार्यवाही

ग्राम बनगवां निवासी आवेदक रामनंदनी कुर्मी और राजनंदनी कुर्मी ने लोकसेवा केन्द्र बरही के माध्यम से 7 दिसंबर 2024 को विवाह पंजीयन का आवेदन दिया था। जिसके निराकरण की अंतिम तिथि 21 जनवरी 2025 थी, किन्तु 27 जनवरी 2025 की स्थिति में आवेदन समय बाह्य प्रदर्शित होकर लंबित था। जिसके बाद कार्यवाही की गई और यह पाया गया कि इन दोनों मामलों में आवेदन का निराकरण 3 फरवरी तक नहीं किया गया। जो आवेदन के निराकरण की निर्धारित समय-सीमा से 9 दिवस विलंब से प्रमाणित होना पाया गया। इस आधार पर उप जिला विवाह रजिस्ट्रार पवन कुमार अहिरवार ने स्वप्रेरणा से मामले को संज्ञान में लेते हुए पदाभिहित अधिकारी एवं ग्राम बनगवां के सचिव हेमराज उपाध्याय को दोनों मामलों में विलंब के लिए कुल मिलाकर 4 हजार 500 रूपये प्रतिकर के भुगतान का आदेश जारी किया है।

इसी प्रकार एक अन्य मामले में ग्राम मतवार पड़रिया की आवेदक रंजीता पटेल के विवाह पंजीयन के आवेदन का निराकरण 21 जनवरी 2025 तक करना था। लेकिन आवेदन का निराकरण 31 जनवरी तक नहीं किया गया। जो आवेदन के निराकरण की निर्धारित समय-सीमा से 9 दिवस विलंब से पाया गया। इस प्रकरण के परीक्षण के बाद उप जिला विवाह रजिस्ट्रार श्री अहिरवार ने पदाभिहित अधिकारी एवं पंचायत सचिव ग्राम पंचायत मतवार पड़रिया के संतराम पाल को बिना पर्याप्त एवं युक्तियुक्त कारण के समयावधि में सेवा प्रदाय करने में विलंब करने के लिए 2250 रूपये प्रतिकर का के भुगतान का आदेश लोकसेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत जारी किया है।

---

### भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुनाया प्रसंग



ग्राम पंचायत बरहटा के ग्यारहमुखी हनुमान मंदिर में श्री विष्णु महायज्ञ की 45 वी वर्षगांठ के अवसर पर दामोदर दास महाराज के सानिध्य में चल रही भागवत कथा में कथावाचक श्री दाऊ महाराज बिलहरी वालों ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं , गोवर्धन पर्वत की कथा का प्रसंग सुनाया। भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी की रास लीला की झांकी ने लोगों का मन मोह लिया है । मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी,जिला मीडिया प्रभारी अमित राय ,जनपद सदस्य अर्चना अभिलाष राजभर ने कथावाचक का सम्मान कर आशीर्वाद लिया है ।

---

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय में आयोजन

## विद्यार्थियों को औषधीय पौधों की खेती एवं उनके उपयोग का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत औषधीय पौधों की खेती एवं उनके उपयोग का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का निरीक्षण प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी द्वारा किया गया।

डॉक्टर वाजपेई ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के माध्यम से अर्जित ज्ञान को स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने का मार्गदर्शन दिया। डॉ व्ही के द्विवेदी ने स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत समय-समय पर रोजगार भर्ती के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में आधुनिक समय में औषधीय पौधों को संरक्षित करने तथा ज्यादा मात्रा में औषधि उत्पाद प्राप्त करने के उद्देश्य से जड़ी बूटियों की व्यावसायिक खेती शुरू की गई है। पौधों की जड़ तने पत्तियां फूल फल बीज और यहां तक की छाल का उपयोग भी उपचार के लिए किया जाता है।

औषधीय पौधों की खेती की आज केपरिपेक्ष में अत्यंत आवश्यक है क्योंकि वैश्विक और राष्ट्रीय बाजार की उपलब्धता अधिक उपज देने वाली किस्म की उपलब्धता कृषि प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता और प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों की उपलब्धता है। औषधीय फसलों की खेती से लाभ के अंतर्गत कम लागत एवं कम उपजाऊ और समस्या वाली मिट्टी में भी आसानी से उगाया जा सकता है घरेलू जानवरों तथा पक्षियों द्वारा फसल क्षतिग्रस्त की संभावना कम रहती है। औषधीय पौधों में कीट और रोग कम लगने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

---

### हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षाएं शुरू, चाक चौबंद रही व्यवस्थाएं

## 82 परीक्षा केन्द्रों में 10 हजार 880 छात्रों ने दी परीक्षा, 121 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा मंगलवार 25 फरवरी को आयोजित हायर सेकण्डरी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के 82 परीक्षा केन्द्रों में कुल 11 हजार 1 छात्रों में से 10 हजार 880 छात्रों नें परीक्षा दिया। जबकि 121 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा में नकल का कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है।

#### उड़नदस्ता दल ने स्कूलों में किया औचक निरीक्षण

माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार जिले के सभी 82 परीक्षा केंद्रों में हिंदी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के




निर्देशन में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा नियमानुसार कर्तव्यो का निर्वहन किया और उड़नदस्ता दल पूरे समय स्कूलों की औचक निगरानी करता रहा।

#### संदिग्ध गतिविधियों पर नजर

परीक्षा प्रभारी राजेश अग्रहरि ने बताया कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले में बोर्ड परीक्षाएँ पूरी सुचिता के साथ आयोजित हो रही हैं। सोमवार को आयोजित हायर सेकेंडरी की परीक्षा को निर्विघ्न संपन्न कराने गठित उड़नदस्ते सक्रिय रहे और परीक्षा केंद्र का भ्रमण कर केंद्रों पर अपनी नजर बनाये रखी। किसी भी केंद्र में कोई संदिग्ध गतिविधियां नहीं मिली।

#### इन्होंने भी लिया जायजा

सोमवार को आयोजित परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धरवारा, बंधी स्टेशन, तेवरी और स्लीमनाबाद का आकस्मिक निरीक्षण किया जहां पर परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न होना पाई गई। वहीं सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक के दल द्वारा बड़वारा विकास खंड के भदौरा, बसाडी, सी एम राइस स्कूल एवं उत्कृष्ट परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित पाई गई।

---

### जनसुनवाई में 103 आवेदकों ने बताई समस्याएं

## सरकारी भूमि पर कब्जा कर टॉवर का किराया भी ले रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित मंगलवार को अनुविभाग, तहसील, विकासखण्ड से लेकर ग्राम पंचायत तक जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां जिला स्तरीय जनसुनवाई में 103 आवेदकों की समस्यायें और शिकायतें सुनी गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर द्वय विवेक गुप्ता एवं प्रमोद चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारियों ने जनसुनवाई कर समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिये।

#### करें नक्शा सुधार

ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम बरेली रामपुर निवासी सुनेश यादव एवं जलसा बाई ने खसरा नंबर 257 रकबा 2.26 हेक्टेयर एव खसरा नं. 260 रकबा 0.30 हेक्टेयर के नक्शा सुधार का आवेदन प्रस्तुत किया।जिस पर इस मामले पर एसडीएम ढीमरखेड़ा को समुचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार विजयमती तिवारी ग्राम तिहारी तहसील स्लीमनाबाद में खसरा नं. 632 के रिकॉर्ड में सुधार का आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु तहसीलदार स्लीमनाबाद को निर्देशित किया गया।



#### अन्य स्थान पर आवास दिलाये

रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड अमीरगंज निवासी सुनील केवट ने आईएचएसडीपी योजना के अंतर्गत वॉर्ड क्रमांक 1 प्रेमनगर बस्ती में आवासीय इकाई स्वीकृत होने के बाद कब्जा नहीं मिलने पर यहां आवंटित आवास को निरस्त करते हुए रवीन्द्रनाथ टैगोर वॉर्ड 45 में स्थित आवास को स्वीकृत करने हेतु आवेदन दिया जिसके समुचित परीक्षण हेतु आयुक्त नगरनिगम को निर्देशित किया गया।

#### जियो टॉवर का अवैध किराया

ग्राम बंडा थाना माधवनगर निवासी अरविंद कुमार कुशवाहा ने जनसुनवाई में पहुंचकर संगीता कुशवाहा और विपिन कुशवाहा एवं विनय कुशवाहा द्वारा गांव की शासकीय भूमि खसरा नंबर 940, 947, 941 और 938 में अवैध कब्जा करने का आवेदन देते हुए कहा कि इन लोगों ने खसरा नंबर 940 पर लगाये गये, जियो टॉवर का किराया भी अवैध रूप से अर्जित कर रहे हैं। इस पर समुचित कार्यवाही हेतु एसडीएम कटनी को निर्देशित किया गया।

---

## महाशिवरात्रि पर सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट, एसडीओपी ने लिया व्यवस्थाओ का जायजा


हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

आज महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में नगर बरही में शाम करीब 5 बजे भगवान भोलेनाथ कि बड़े ही धूमधाम के साथ भव्य बारात निकाली जाएगी जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमो का आयोजन होगा जिसको देखने के लिए न केवल नगर बल्कि क्षेत्र भर से दर्शक पहुंचगे अत्यधिक भीड़ कि सम्भावना हो सकती है जिसको लेकर बरही प्रशासन अभी से अलर्ट मोड़ पर दिखाई दिया।

कार्यक्रम दौरान किसी प्रकार कि कोई अव्यवस्था न बनने पाए जिसको लेकर नवागत एसडीओपी बीरेंद्र धार्वे के मार्ग दर्शन व उनकी मौजूदगी एवं थाना प्रभारी शैलेन्द्र यादव के नेतृत्व में समस्त स्टॉप के साथ नगर भृमण कर व्यवस्था देखी गई इसके अलावा बरही नगर कि यातायात भी देखी गई। खास तौर पर कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। थाना प्रभारी शैलेन्द्र यादव ने बताया कि नगर में भगवान भोले नाथ कि बारात निकेलगी जो राम मंदिर से नगर भृमण करते हुए विजयनाथ धाम पहुंचेगी उक्त कार्यक्रम को लेकर पुलिस के द्वारा पूरी व्यवस्था कर ली गई है इसके अलावा श्री यादव ने नगर वासियों से भी सहयोग कि अपेक्षा की जा रही है कि इतना बड़ा कार्यक्रम जो आयोजित हो रहा है हम सब मिलकर कार्यक्रम को सफल बनायें इसके अलावा कहा गया कि हर एक गतिविधियों पर पुलिस कि नजर रहेगी असामाजिक तत्वों द्वारा कोई ऐसी हरकत समझ मे आएगी उसकी खैर नही तुरंत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी इस दौरान एसडीओपी वीरेन्द्र धारवे थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव प्रधान आरक्षक अजय पाठक आरक्षक अवधेश प्रताप सिंह समेत अन्य पुलिस बल कि उपस्थिति रही।



खबर संक्षेप



### ढीमरखेड़ा में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन

**ढीमरखेड़ा।** शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में प्राचार्य रजनीश कुशवाहा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती और भगवान बिरसा मुंडा पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्रा रेशमा पटेल ने सरस्वती वंदना और लक्ष्मी कुम्हार ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी ने राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के उद्देश्य और जनजातीय नायकों के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर अपने विचार रखे।मुख्य वक्ता प्रांतीय सदस्य वनवासी विकास परिषद दमयंती ठाकुर ने कहा कि संस्कृति का विकास वनों से ही हुआ।हमारे पौराणिक ग्रंथ भी वनों में ही लिखे गए हैं। ब्रिटिश हुकूमत से संघर्ष करने वाले जननायकों में भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या भील, भीमा नायक,रघुनाथ शाह,शंकर शाह, रानी दुर्गावती आदि जनजातीय क्रांतिकारियों के योगदान पर अपने विचार रखें। जन भागीदारी अध्यक्ष एड.अटल बिहारी वाजपेई ने आदिवासियों के विकास हेतु शासन की चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। महाविद्यालय में आदिवासी जननायकों से संबंधित प्रियदर्शनी भी लगाई गई। जिसका अवलोकन अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया।इस मौके संभागीय नोडल अधिकारी डॉ. विशाल बन्ने,प्राचार्य रजनीश कुशवाहा,डॉ. श्वेता बघेल,स्मिता परसाई,नूतन केवट,पुष्पेंद्र लोधी, युवराज तिवारी,जितेंद्र, मनीष झारिया के अलावा छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

### भारी वाहनों के प्रवेश पर एसडीएम ने लगाया प्रतिबंध

**कटनी।** एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने अमकुही इंडस्ट्रियल एरिया की तरफ भारी वाहनों के आवागमन पर 13 घंटे का प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध हर दिन लागू रहेगा। प्रबंधक आदेश जारी करते हुए कटनी एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने कहा कि रजिस्ट्रार कार्यालय कटनी एवं लोक सेवा केन्द्र शहरी एवं ग्रामीण कटनी में अत्यधिक संख्या में आम जनता का शासकीय कार्य से आगमन होता है। आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये एवं उक्त मार्ग में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये रजिस्ट्रार कार्यालय से होते हुये औद्योगिक क्षेत्र अमकुही की ओर आने-जाने वाले भारी वाहन एवं मालवाहक वाहनों के आवागमन को प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिये वर्जित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से क्रियाशील हो चुका है।

### विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन

**कटनी।** शासन के जनजातीय कार्य विभाग तथा कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश एवं सह सचिव मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी भोपाल के अंतर्गत विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 सायं 5 बजे तक है। प्रवेश पत्र 12 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 मार्च 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगा। परीक्षा जिला एवं विकासखंड मुख्यालय के निर्धारित विद्यालयों में आयोजित होंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया), विमुक्त जनजातियां, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ समुदाय (डीएनटी,एनटी, एसएनटी) के अलावा वे बच्चे, जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद, उग्रवाद, कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि दान की हो) वर्ग के विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

## हरदी में एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से हो रहा जल जीवन मिशन योजना का

# 3 साल से ज्यादा का समय बीता, पाइप लाइन का विस्तार हुआ न ही घरों में नल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जल जीवन मिशन के कार्यों में पीएचई विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार के द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है।ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत हरदी में मिशन के तहत हो रहे निर्माण कार्य धीमी गति से चलने की वजह से ग्रामीणों को सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पीएचई विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण गुणवत्ताहीन कार्य कराया जा रहा है। गांव में अब तक योजना के तहत पूरा कार्य नहीं किया गया है। पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य में भी अनियमितता बरती जा रही है। सड़क खुदाई ने भी ग्रामीणों की परेशानी को दोगुना कर दिया है। खास बात यह है कि योजना के तहत गांव में काम होते तीन साल से अधिक का समय बीत गया है, लेकिन ग्रामीणों के घरों में अब तक नल का पानी नहीं पहुँचा हैं।





जानकारी के मुताबिक गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो, इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव गांव पानी की टंकी और पाइपलाइन विस्तार सहित लोगों के घरों में नल कनेक्शन का कार्य कराया जा रहा है।हरदी में भी एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि से जल जीवन मिशन योजना का काम हो रहा है। टेंडर होने के बाद विभाग ने ठेकेदार के माध्यम से काम शुरू कराया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता की देखरेख पीएचई विभाग की निगरानी में होना है। लेकिन पीएचई विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत से हरदी गांव में जल जीवन मिशन योजना का कार्य गुणवत्ताहीन कराया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के पहले से हरदी में ठेकेदार द्वारा काम चालू किया गया।पीएचई विभाग के अधिकारियों का दावा है कि हरदी गांव में योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं।ग्रामीणों ने बताया कि हकीकत यह है कि अब तक सिर्फ पानी की टंकी का निर्माण ही हो पाया है।उसका भी कुछ काम बाकी है। पाइप लाइन विस्तार और लोगों के घरों में नल कनेक्शन का काम भी अधूरा है। बिजली कनेक्शन होना भी बाकी है। गांव के लोग हैंडपंपों के अलावा निजी नलकूपों के सहारे अपनी प्यास बुझा रहे हैं।खासकर महिलाओं को ज्यादा परेशान होना पड़ता है।नलकूपों से पानी भरने के लिए यहाँ वहा जाना पड़ता है। बिजली की समस्या के चलते नलकूप भी समय पर पानी नहीं दे पाते हैं। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी और ठेकेदार की लेटलतीफी के कारण अभी ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा।टंकी निर्माण के बाद हो रहे कार्य में ठेकेदार द्वारा अब भी हीलाहवाली बरती जा रही है।ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई। पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं कराई। जिसके चलते गांव में जगह जगह गढ्ढे हैं। ग्रामीणों को आवागमन में तकलीफ होती हैं।

पाइप लाइन बिछाने का काम भी अभी तक पूरे गांव में नहीं हो पाया है। आधे गांव में पाइप लाइन का कार्य होने से ग्रामीणों में आक्रोश हैं। सड़क खुदाई जगह जगह गढ्ढे होने और गिट्टियां निकलने से खासकर बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी होती है। छोटे बच्चे खेलते खेलते गिरकर चोटिल भी हो रहे है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीओ पीएचई विकल्प पटेल ने बताया कि हरदी में पानी की टंकी का निर्माण हो गया है। पाइप लाइन भी बिछाई जा चुकी है। विधुत कनेक्शन का कार्य होना बाकी है। इसके अलावा जो भी अधूरे कार्य है,उन्हें जल्द ही पूर्ण कराया जाएगा।

### आदतन अपराधी को हर माह थाना में देनी होगी हाजिरी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने आदतन अपराधी शिवकुमार उर्फ नंदू यादव और अनूप उर्फ बाला श्रीवास्तव के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 3 माह की अवधि तक हर माह दो दिन संबंधित पुलिस थाना में उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें दौनो के विरुद्ध यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कटनी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना ढीमरखेड़ा ग्राम सारंगपुर निवासी शिवकुमार उर्फ नंदू यादव पिता बंशीलाल यादव उम्र 34 वर्ष असामाजिक तत्व एवं आदतन अपराधी है। जो वर्ष 2022 से अपराध जगत में आकर लगाता आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर आतंक का पर्याय बन चुका है। जिससे आमजन में भय का वातावरण व्याप्त है। इसके विरूद्ध जुआ एवं शराब के 6 प्रकरण पंजीबद्ध है। शिवकुमार के आपराधिक कृत्यों और गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई है परन्तु इसके आचरण में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ है।

*उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन*

## जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन, छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव,वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने हेतु आजादी के 75 साल पूरे होने के बाद प्रतिवर्ष 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाया जा रहा है। सोमवार को उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के दौरान प्रमुख वक्ता अनुसूचित जनजाति आयोग के प्रांत संयोजक सोहन सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनजातीय समाज ने अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ कई विद्रोह किए।जिनमें तिलका मांझी से लेकर बिरसा मुंडा जैसे जननायकों की अहम भूमिका रही। जिन्होंने अंग्रेजों की नीतियों का विरोध किया और जल,जंगल,जमीन की लड़ाई भी लड़ी।उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की सभी समस्याओं का समाधान जनजातीय परंपराओं में निहित हैं। आज की युवा पीढ़ी को जनजातीय जननायकों के इतिहास का अध्ययन करना चाहिए। ताकि उनके द्वारा किये गए संघर्षों को भुलाया न जा सके। वीर आदिवासी जननायकों ने तीर कमान की दम पर बंदूकधारी अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया।उनकी वीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तोप बंदूक होने के बावजूद भी अंग्रेज जननायकों से थर थर कांपते थे। आजादी के दीवाने आदिवासियों ने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते कुर्बानी दी।इतिहास में देश की आजादी के लिए पहली क्रांति का जिक्र 1857 में मिलता है। लेकिन देश की आजादी के लिए जनजातीय वीर जननायकों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका और अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे।इतिहास में इसका भी जिक्र किया जाना चाहिए था। सोहन सिंह ने कहा कि अंग्रेज़ों ने अपने शासन काल में आदिवासियों को भूमिहीन कर बंधुआ मज़दूर बना दिया।वन उपज पर रोक लगाकर जनजातियों की आजीविका खत्म कर दिया। जिसके बाद जनजातीय वीर जननायकों ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ विद्रोह किया।

## कन्या महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



शासकीय कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता एवं प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का शीर्षक – "शिक्षा के क्षेत्र में मातृभाषा की भूमिका" एवं प्रश्नमंच का शीर्षक – "मातृभाषा और राष्ट्रीय परिदृश्य" था । भाषण प्रतियोगिता में रोशनी यादव, अंशिका बर्मन, कोमल, आस्था खरे, मनीषा अहिरवार, ने हिस्सा लिया । भाषण प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा – प्रथम स्थान– अंशिका बर्मन, द्वितीय स्थान– मनीषा अहिरवार एवं तृतीय स्थान– आस्था खरे ने प्राप्त किया ।प्रश्नमंच प्रतियोगिता में 27 छात्राओ ने सहभागिता की । प्रथम स्थान पर प्रतिभा सोनी, द्वितीय स्थान मनीषा अहिरवार, तृतीय स्थान आसमा खान ने प्राप्त किया ।

## निरोगी काया अभियान के तहत नागरिकों की होगी निशुल्क स्क्रीनिंग, किया जाएगा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए जिले में निरोगी काया अभियान का आयोजन आगामी 31 मार्च तक किया जा रहा है। इस विशेष अभियान में 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज स्क्रीनिंग की जाएगी तथा पीड़ति पाए जाने पर निःशुल्क उपचार दिया जाएगा।

अभियान हेतु लक्षित शत - प्रतिशत नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए गए है। अभियान के शत - प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए राज्य, जिला और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा संस्थाओं और फील्ड पर जाकर समीक्षा की जा रही है। अभियान के तहत असंचारी रोग स्क्रीनिंग के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। हितग्राहियों की जांच और उपचार की रिपोर्ट एन सी डी पोर्टल में दर्ज की जा रही है। रोगों की पहचान होने पर त्वरित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों अथवा जिला चिकित्सालय में उपचार प्रारंभ किया जाएगा। नए मरीजों की पहचान के लिए आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर सीबैक फार्म में जानकारी इकट्ठे की जा रही है। सीबैक फार्म से प्राप्त जानकारी के आधार पर असंचारी रोग स्क्रीनिंग एवं पंजीयन किया जाएगा। निरोगी काया अभियान के दौरान स्क्रीनिंग के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न बीमारियों के लक्षण, इससे बचाव एवं उपचार के संबंध में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही लोगों को संतुलित आहार, बेहतर खानपान, नियमित योग, प्राणायाम तथा व्यायाम करने की सलाह भी दी जाएगी। डायबिटीज, उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर बीमारियां मानी जाती हैं। इसलिए इनकी नियमित जांच बेहद जरूरी है। इस अभियान में नॉन एल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग को भी शामिल किया गया है। परिवार के सदस्यों में पूर्व में इन बीमारियों के होने पर अपनी जांच अवश्य करवाई जानी चाहिए। अभियान के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण, लॉजिस्टिक एवं दवाइयां उपलब्ध करा दी गई है। मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा अभियान की जानकारी देकर लोगों की जांच करवाई जा रही है।

*रासेयो का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर शुरू*

## रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश, होंगी विभिन्न गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर एवं डॉ रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुआं में प्रारंभ हुआ। उदघाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस. एस. धुर्वे, ग्राम पंचायत के सरपंच उपसरपंच, सचिव एवं उपस्थित गांव के अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती जी एवं युवाओं के प्रेरणा श्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत



की गई जिसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा बैच लगाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि शिविर में स्वयंसेवक सात दिन तक श्रमदान, साफ सफाई, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली, नुक्कड़ नाटक, सर्वेक्षण कार्य आदि गतिविधियों में सहभागिता कर समाज सेवा का कार्य करेंगे, डॉ एस एस धुर्वे द्वारा एन.एस.एस. को स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व निर्माण एवं नेतृत्व क्षमता के विकाश में भी सहायक बताया। प्रियंका तोमर ने स्वयंसेवकों को शिविर दिनचर्या के बारे में बताकर सौंपे गए दायित्वों का समय सीमा में निर्वहन के लिए प्रेरित किया, प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी ने ग्रामवासियों से स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों से प्राप्त जानकारियों को अपने दैनिक जीवन में लागू कर समाज के साथ देश के विकास में सहभागी बनने की अपील की। साथ ही स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में स्वयंसेवकों द्वारा नारो एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी देकर लोगों को अपने अपने घरों के आस पास सफाई रखने के साथ पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन विक्रम जायसवाल एवं आभार प्रदर्शन डॉ रश्मि त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## बुलेट प्रूफ वाहन, हेलीपैड की सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाएं करने सौंपे दायित्व

# 27 को कोठी आएंगे राज्यपाल, चाक चौबंद व्यवस्थाओं के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल 27 फरवरी को सुबह 9:30 बजे कटनी जिले के ग्राम कोठी तहसील ढीमरखेड़ा में भ्रमण कार्यक्रम निधार्रित है। कार्यक्रम की चाक-चौबंद व्यवस्था हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा जिले के विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। संपूर्ण कार्यक्रम व्यवस्था के प्रभारी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कटनी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रहेंगें। जबकि ग्राम कोठी पर व्यवस्था के प्रभारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व ढीमरखेड़ा रहेंगें।

### अधिकारियों को सौंपे दायित्व

अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया को हेलीपैड स्थल पर कारकेड वाहन की व्यवस्था, बुलेट प्रूफ वाहन, हेलीपैड की सुरक्षा व्यवस्था एवं विशिष्ट गुणों और आतंकियों की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गयी। जबकि नगर पालिक निगम कटनी के आयुक्त नीलेश दुबे को हेलीपेड स्थल ग्राम दादर सिहुड़ी एवं ग्राम कोठी में संपूर्ण भ्रमण कार्यक्रम दौरान फायर बिग्रेड उपलब्ध कराने, हेलीपेड स्थल एवं ग्राम कोठी में चलित शौचालय की व्यवस्था कराने एवं हेलीपेड स्थल ग्राम दादर सिहुड़ी में साफ-सफाई की व्यवस्था कराने का दायित्व सौंपा गया। इसके अतिरिक्त कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह को हेलीपेड निर्माण एवं वेरिकेटिंग की व्यवस्था करने, हेलीपेड स्थल एवं ग्राम कोठी में ग्रीन, सेफ हाउस, शौचालय एवं प्रतीक्षालय की व्यवस्था करने, हेलीपेड स्थल से ग्राम कोठी तक पहुंच मार्ग की मरम्मत कार्य व्यवस्था करने, हेलीपेड स्थल पर हेतु वॉटर प्रूफ पंडाल व्यवस्था करने, पार्किंग पहुंच मार्ग एवं वाहन टर्निंग प्वाइंट समतलीकरण व्यवस्था करने एवं वन मण्डलाअधिकारी से समन्वय स्थापित कर बांस बल्ली की व्यवस्था करने को कार्य सौंपा गया।

इसी तरह प्रदीप मिश्रा अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी और बी.के. मिश्रा तहसीलदार कटनी नगर को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान वी.आई.पी वाहन एवं कारकेड वाहन की व्यवस्था करने, सर्किट रेस्ट हाउस के कमरों की आरक्षण व्यवस्था करने, समस्त सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम से अवगत कराने एवं सत्कार संबंधी संपूर्ण व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। जबकि विंकी सिंहमारे उईके अनुविभागीय दण्डाधिकारी ढीमरखेड़ा,यजुवेंद्र कोरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा और आशीष अग्रवाल तहसीलदार ढीमरखेड़ा को संपूर्ण भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आवश्यक व्यवस्था करने, ज्ञापन एवं आवेदन एकत्रित करने हेतु पटवारी को नियुक्त करने, पार्किंग स्थल पर क्रेन की व्यवस्था कराने तथा ग्राम कोठी अंतर्गत निर्माणाधीन पी.एम. आवास पर गृह प्रवेश कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गयी। वहीं ज्योति लिल्हारे जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को आमंत्रण पत्र एवं फ्लेक्स, बैनर की व्यवस्था करने, पी.एम. जनमन कार्यक्रम संबंधी जानकारी तैयार करने एवं कार्यक्रम का फोल्डर तैयार कर विशिष्टगण, अतिथियों को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी गयी। जबकि नयन सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को ग्राम कोठी अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन निरीक्षण स्थल पर आवश्यक व्यवस्था करने तथा जी.एस. खटीक कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को ग्राम कोठी अंतर्गत निर्माणाधीन बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन निरीक्षण स्थल पर आवश्यक व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

कालू सिंह डामोर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को हेलीपैड स्थल पर वेरिकेटिंग हेतु कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर जाली प्रदाय करने, खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी एवं ओमप्रकाश साहू को व्ही.आई.पी. एवं क्रू मेंबर के भोजन, स्वल्पाहार के नमूने परीक्षण करने निर्देश दिए हैं



## माइक्रोबीट प्रणाली की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने थाना एनकेजे में समस्त थाना स्टाफ को माइक्रोबीट प्रणाली के संबंध विस्तार से जानकारी प्रदान की। एसपी रंजन ने एनकेजे में पुलिस मुख्यालय की महत्वाकांक्षी योजना माइको बीट प्रणाली के बारे में समस्त स्टाफ को बारीकी से जानकारी देते हुये जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे निरीक्षक से लेकर आरक्षक स्तर के कर्मचारी की जवाबदेही के संबंध में बताया गया। इसके साथ ही एसपी श्रीरंजन के द्वारा थाना स्तर पर पदस्थ निरीक्षक से लेकर आरक्षक तक अधिक से अधिक स्टाफ को जमीनी स्तर पर उतर कर माइको बीट प्रणाली के तहत कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा ली गई कार्यशाला में थाना प्रभारी उप.निरी. अनिल यादव, सउनि मनोज कुड़ापे, प्र.आर. प्रमोद सिंह ठाकुर, प्र.आर. आरिफ हुसैन, प्र.आर. शैलेष दमोहिया, प्र.आर. गणेश दत्त मिश्रा, प्र.आर. कोदू लाल पटेल, प्र.आर. रमेश सिंह, प्र.आर. राजेश सिंह परिहार, प्र.आर. राजेश चौधरी, आर. राजेन्द्र पटेल, आर. नरेन्द्र सिंह टेकाम व अन्य थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नोहटा की भौगोलिक सीमा में आज शुष्क दिवस घोषित

**दमोह** । अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तेन्दूखेड़ा के पत्र अनुक्रम में नोहलेश्वर महोत्सव का जिले के ग्राम नोहटा में श्रध्दालुओं का जन समूह बड़ी संख्या में एकत्रित होने की संभावना एवं प्रशासकीय तथा लोकहित को दृष्टिगत रखते हुये लोक शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आज 25 एवं 26 फरवरी 2025 को अपरान्ह 04 बजे से रात्रि 11:30 बजे तक नोहटा की भौगोलिक सीमा के अंतर्गत शुष्क दिवस घोषित किया है।

### जनसुनवाई में 173 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों के क्रम में जिले के विभिन्न स्थानो से आये नागरिकों की अपर कलेक्टर मीना मसराम ने आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 173 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 34 आधार कार्ड अपडेशन, 02 आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए, पी एम किसान सम्मान निधि के 08 एवं 112 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, एस.डी.एम. आर.एल. बागरी, डिप्टी कलेक्टर (परिवीक्षाधीन) रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### राज्यमंत्री ने अजब धाम में मुख्यमंत्री के साथ ली बैठक

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल अजब धाम पहुंचे। उन्होंने अजब धाम में छोटे सरकार से भेंट की। जै-जै सरकार वार्षिक महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर बैठक में राज्यमंत्री श्री पटैल ने कानून व्यवस्था एवं आमजन की बुनियादी सुविधाओं/व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, लोकेन्द्र पटैल (लकी भैया)कार्यक्रम आयोजक कमेटी, विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद थे। बैठक में तय किया गया कि मुख्यमंत्री जी हेलीपैड से सीधे जै जै सरकार अजब धाम मन्दिर पहुंचकर दर्शन करेंगे।

शिव पंचाक और शिव छिमाही ओड़िशा नृत्य में दिखाई दी शिव की महिमा

# भाई बहन पलक - पलाश मुच्छल की जोड़ी ने मोहा मन, सुरों से सराबोर हुआ महोत्सव



**दमोह।** आशिकी-2, एमएस धोनी द अनटोल्ड स्टोरी जैसी फिल्मों के गाने में अपनी आवाज दे चुकी पलक मुच्छल ने गीतों की ऐसी महफिल सजाई कि पूरा नोहलेश्वर महोत्सव उनके साथ गुनगुना रहा था, हम तेरे बिन कहीं रह नहीं सकते, तेरे बिना क्या वजूद मेरा...बस तुम ही मेरी जिंदगी। दमोह जिले के जबेरा विधानसभा अंतर्गत नोहटा में प्राचीन ऐतिहासिक कलचुरी कालीन शिव मंदिर नोहलेश्वर के प्रांगण में 19 फरवरी से 28 फरवरी तक संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी द्वारा आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव में पलक मुच्छल की म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया। जिसमें महोत्सव के संयोजक सत्येंद्र सिंह, पूर्व विधायक प्रताप सिंह, शिरीष विवेक शेंडये विद्याभारती, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, पूर्व विधायक सोना बाई, प्रांतीय सचिव वनवासी कल्याण आश्रम अर्जुन मरकाम, जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, यादव महासभा अध्यक्ष परम यादव, धर्मेन्द्र कटारे, समाजसेवी मनोज देवलिया ने श्रीगणेश पूजन दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में पलक मुच्छल ने फिल्म आशिकी टू के गाने तू ही ये मुझको बता दे, चाहूं मैं या न से शुरुआत की। इसके बाद एमएस धोनी फिल्म के गाने कौन तुझे यूं प्यार करेगा, प्रेम रतन धन पायो, सनम तेरी कसम, हरे राम हरे कृष्णा, दुनिया ना चले श्रीराम के बिना, शिव तांडव स्त्रोत जैसे गाने गाकर लोगों का आनंदित किया। पलक मुच्छल के भाई सिंगर पलाश मुच्छल ने भी अपने गाने से लोगों का मनोरंजन किया। पलक - पलाश, भाई बहन की जोड़ी ने अपने गीतों से सुरों का ऐसा जादू चलाया कि दर्शक पूरे समय थिरकते रहें। *पलक मुछाल शो की आमदनी से गरीब बच्चों के हार्ट का ऑपरेशन कराएंगी। शो के दौरान मंच से पलक मुच्छल ने बताया कि वे इस शो से होने वाली आमदनी को गरीब बच्चों की हार्ट सर्जरी में खर्च करेंगी। वे जहां भी शो करती हैं उस पैसे से बच्चों का इलाज कराती हैं। उन्होंने अबतक 3000 से अधिक बच्चों की सफल सर्जरी कराकर इतिहास रच दिया है।

### शिव पंचाक और शिव छिमाही ओड़िशा नृत्य में दिखाई दी शिव महिमा

अभिनयना डांस अकादमी पुरी ओड़िशा के नृत्य कलाकारों ने शिव पंचाक, यह मंच पर ओड़िशा नर्तक के प्रवेश का प्रतीक है क्योंकि वह एक शुभ शुरुआत के लिए भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लेता है। और शिव छिमाही यह नृत्य के देवता नटराज, देवताओं में सबसे महान भगवान शिव को एक नृत्य श्रृद्धांजलि है। यह संदेह और कठिनाइयों को दूर करने वाला और नष्ट करने वाला नृत्य है। ओड़िशा नृत्य को उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा।

कलेक्टर के आदेश की प्राचार्य द्वारा की गई अवहेलना

# पीएमश्री विद्यालय के अधिकांश परीक्षा कक्षों में नहीं लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल के निर्देशन में कलेक्टर श्री सुधीर कोचर द्वारा समूचे जिले के परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराए जाने के आदेश सभी प्राचार्य को दिए गए थे लेकिन हटा के पीएमश्री एमएलबी विद्यालय के प्राचार्य की लापरवाही के चलते अधिकांश परीक्षा कक्षों में बिना सीसीटीवी कैमरे की परीक्षा संपन्न कराई गई।

परीक्षाएं शांतिपूर्ण निष्पक्ष तरीके से बिना किसी अवैधानिक कृत्य से संपन्न कराए जाने हेतु जिले के समस्त परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरा से लैस किए जाने के आदेश कलेक्टर द्वारा सभी प्राचार्य को दिए गए थे जिसका कंट्रोल रूम दमोह के शासकीय जेपीबी विद्यालय में बनाया गया है ताकि परीक्षा की मॉनिटरिंग जिले के एक कंट्रोल रूम से की जा सके लेकिन नगर व विकासखंड के सबसे बड़े पीएमश्री एमएलबी विद्यालय में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा केंद्र बनाया गया जहां विद्यालय के 15 कक्षों में कक्षा 12वीं का पहला पेपर संपन्न कराया गया जिसमें कल 310 परीक्षार्थी शामिल रहे। लेकिन इन 15 परीक्षा कक्षों में से सिर्फ तीन कक्षों में ही सीसीटीवी कैमरा लगाए गए और 12 कक्षों में बिना सीसीटीवी कैमरा के परीक्षा संपन्न कराई गई जिससे शिक्षा विभाग के अलावा कलेक्टर की आदेशों की भी घोर अवहेलना प्रतीत होती है। जबकि परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए कलेक्टर द्वारा नोडल अधिकारी एवं विशेष निरीक्षण हेतु टीमें भी गठित की गई है जिसमें एसडीएम तहसीलदार से लेकर अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया है लेकिन इसके बावजूद भी अधिकारियों के निरीक्षण उपरांत नगर के इस सर्व सुविधायुक्त पीएमश्री एमएलबी विद्यालय में बिना सीसीटीवी कैमरा के परीक्षा संपन्न कराया जाना कई प्रश्नों को खड़ा कर रहा है। परीक्षा कक्षा में सीसीटीवी कैमरा ना लगाए जाने के संबंध में परीक्षा केंद्र प्रभारी केएल अहिरवार से बात की जो उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र के सभी कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए थे लेकिन विद्यालय के प्राचार्य द्वारा कल 15 कक्षा में से सिर्फ तीन परीक्षा कक्षों में ही सीसीटीवी कैमरा लगाए गए जिसकी सूचना मेरे द्वारा परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी दमोह को दी गई है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के सभी कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया जाना प्राचार्य की लापरवाही को प्रदर्शित करता है।

# पुर्णायु संस्थान के द्वारा बच्चों को पोषक आहार का वितरण



**दमोह।** पूज्य संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर महाराज जी के प्रथम समाधि वर्ष के अवसर पर आचार्य श्री विद्यासागर जी के आशीर्वाद से संचालित पुर्णायु संस्थान के द्वारा बच्चों को पोषक आहार का वितरण पुत्री साला स्कूल असाटी वार्ड 2 एवं ज्ञान गंगा शिशु विद्यालय महावीर वार्ड दमोह में किया गया पोषण आहार बच्चों के रोग प्रतिरोधक क्षमता, शारीरिक, मानसिक, विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण आहार है। श्री विद्यासागर गौशाला के अध्यक्ष नरेंद्र जैन शक्ति ने बच्चों को बताया की आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी ने जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उनके आशीर्वाद से कई स्वास्थ्य संस्थानों भाग्योदय सागर, पुर्णायु अनुसंधान जबलपुर, जीव दया के लिए देशभर में गौशालाओं का संचालन, हतकरघा और शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभास्थली का संचालन किया जा रहा है। सौरभ जैन अरिहंत ने अपने उद्बोधन में बताया कि आचार्य श्री का तप, ज्ञान और साधना अटूट थी बच्चों, बेटियों सभी से अटूट प्रेम स्नेह रखते थे। वितरण कार्यक्रम में नरेंद्र शक्ति गौशाला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सौरभ जैन अरिहंत, राजेश सिंघई, नेम कुमार बजाज, अमरदीप जैन लालू, श्रीमती अंतिम जैन, श्रीमती शुभ्रा जैन, दिनेश सोनी प्राचार्य, श्रीमती दीपा जैन प्राचार्य, रागिनी सोनी, शाही, सविता, नेहा ठाकुर, प्रभा ,आयुषी जैन शची मेम, शिवानी जैन सरिता, दिव्या, काजल, रूपा सरोज, विमला बाई, साथ अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# जीव और ब्रह्म का मिलन ही रुक्मणी मंगल है: आचार्य आशीष कृष्ण जी

**बनवार।** पटना मानगढ़ में चल रही संगीतमय भागवत कथा में उक्त उद्गार दमोह से पधारे शास्त्री आशीष कृष्ण जी ने व्यक्त किये दिवसीय कथा के अंतर्गत आज कथा के छठवें दिन भगवान के द्वारकाधीश बनने की कथा को बड़े ही शाश्वत शब्दों के माध्यम से समझाया। आगे महाराज श्री ने बताया की प्रकृति रूपा श्री रुक्मणी जी का राजा भीष्मक को सरोवर में कमल से प्राप्त होना और फिर स्वयंवर में भगवान के द्वारा रुक्मणी का हरण करके द्वारिका में भव्य और दिव्य रूप से रुक्मणी के साथ विवाह संपन्न कराया। रुक्मणी जीव रूप हैं भगवान कृष्ण साक्षात ब्रह्म है आज रुक्मणी जी और कृष्ण का विवाह प्रकृति और ब्रह्म का साक्षात्कार है। आगे भगवान के 16108 विवाहों का वर्णन भी किया आठ पटरानियां एवं भौमासुर के यहां बंदी गृह में बंद अन्य राजाओं की कन्याओं से भगवान ने एक मंडप के नीचे ही विवाह किया। यह दर्शाया कि भगवान प्रत्येक जीवो को कैसे अपनाते हैं जब यह जीव अपना सर्वस्व परमात्मा को ही समर्पण कर देता है तब मनवाणी और हृदय से परमात्मा को अपना सर्वस्व निछावर कर देने के बाद ही ईश्वर रुक्मणी के भांति अपने जीवन में उसे भक्तों को अपना लेते हैं। इस प्रसंग से समाज को यह प्रेरणा मिलती है कि किस प्रकार से एक ब्रह्म हजारों जीवन को उनके अनुकूल चल करके उनका जीवन में आनंद देते हैं देखते हैं यह भगवान के दांपत्य जीवन से सीखने को प्राप्त होता है। कथा में कृष्ण और रुक्मणी जी की सुंदर झांकियों के साथ पूरे क्षेत्र में बैंड बाजों की धुन पर नाचते गाते हुए बारात का आयोजन रखा गया जिसमें बड़ी संख्याओं में भक्तों ने सम्मिलित होकर नाचते गाते हुए आनंद लिया। इस कथा का आयोजन किशोरी लाल राय एवं राय परिवार की ओर से रखा गया।

# डीपीसी पहुंचे कस्तूरबा गांधी छात्रावास निरीक्षण को



**पथरिया।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में मुकेश कुमार द्विवेदी जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र दमोह,एन सिंह ठाकुर सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह एवं जिनेन्द्र जैन बीआरसी द्वारा शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पथरिया का निरीक्षण किया उपस्थित छात्राओं से व्यवस्थाओं के संबंध में पूछताछ की गई, छात्राओं ने बताया कि तीन रिमेडियल टीचर्स सुबह और शाम पढ़ाने आते हैं, रसोईया द्वारा मीनू अनुसार भोजन,नाश्ता आदि मिलता हैं, हम सभी समय से विद्यालय आते जाते हैं, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेशानुसार सभी सुविधाएं हम सभी छात्राओं को मिलती हैं, सहायक वार्डन रमा दुबे ने छात्रावास परिसर व अन्दर का निरीक्षण करवाया, अधिकारियों ने छात्रावास का गहन निगरानी निरीक्षण किया व आवश्यक निर्देश दिए कहीं पर कमी नहीं पाई गईं। जिला परियोजना समन्वयक व सहायक संचालक द्वारा उषा करकरे वार्डन सहित समस्त स्टाफ को व्यवस्था को लेकर प्रसन्नता जाहिर की गई।

# श्रीमद्भागवत कथा में पं. उमाशंकर शास्त्री ने दिया जीवन जीने का संदेश

**बनवार।** ग्राम में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान एक सप्ताह के पंचम दिवस भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथावाचक पं. उमाशंकर शास्त्री ने भगवान कृष्ण की माखन चोरी और गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई। श्रद्धालुओं ने भक्ति के सागर में मंत्रमुग्ध होकर भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का आनंद लिया। कथा के पांचवां दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि व्यक्ति को हमेशा धर्म के मार्ग पर चलकर समाज सेवा में लोगों को आगे आना चाहिए। मानव जब इस संसार में पैदा होता है तो चार व्याधि उत्पन्न होते हैं। रोग, शोक, वृद्धापन और मौत मानव इन्हीं चार व्याधियों से धीर कर इस मायारूपी संसार से विदा लेता है। सांसारिक बंधन में जितना बंधोगे उतना ही पाप के नजदीक पहुंचेगा। इसलिए सांसारिक बंधन से मुक्त होकर परमात्मा की शरण में जाओ तभी जीवन रूपी नैय्या पार होगी। आज के दौर में परेशानी और अविश्वास बढ़ता जा रहा है। इससे समाज में खींचतान, स्वार्थ, लोभ, दुख. पतन, विकृतियों का अम्बार लगा हुआ है। ऐसे में समाज को युग के अनुरूप दिशा चिंतन, व्यवहार, परमार्थ के लिए हृदय में परिवर्तन के लिए श्रीमद भागवत कथा पुराण का आयोजन किया जाता है कथा व्यास ने कहा भगवान को माखन इसलिए अच्छा लगता हैं क्योंकि माखन भक्त का प्रतीक है। उन्होंने कथा में प्रवचन में समुन्द्र में कालीय नाग कि कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कालीय नाग बृज में समुन्द्र में रहता था कोई समुन्द्र में जाता तो उससे वह मार देता था । उन्होंने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया की 7 कोस लंबे चौड़े कालिकाल के देवता गोवर्धननाथ को 7 वर्ष के कन्हैया ने अपने सबसे छोटी उगली में 7 दिनरात अपनी अंगुली पर रखा। भगवान धारण किए रहे इंद्र देव का अभिमान तोड़ा। इस लिए जीव को कभी अभिमान नहीं करना चाहिए और कर्म करना चाहिए फल की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, जिससे कर्मकरोगे तो फल मिलेगा इसलिए भगवान ने भी कर्म को प्रधान बताते हुए कहा कर्म करना जीव का धर्म है फल देना मेरा काम है।

# ऑल इंडिया वालीबाल टूर्नामेंट में राजस्थान रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



बजरंग क्लब लखरोनी के तत्वाधान में तीन दिवसीय ऑल इंडिया डे नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें तीसरे व अंतिम दिन सुबह से मैच प्रारंभ हो गए जिसमें क्वार्टर सेमी व फाइनल मैच खेले गए आयोजित टूर्नामेंट में विभिन्न क्षेत्रों की टीमों ने हिस्सा लिया एवं सभी टीमें अपनी - अपनी जीत सुनिश्चित के लिए पूरे जोश के साथ प्रदर्शन किए,आयोजन में पधारे अतिथियों का समिति अध्यक्ष,सदस्यों एवं खिलाड़ियों ने स्वागत किया। कमेंटेटर अभिषेक पटेल बिलानी एवं देवेंद्र राठौर लखरोनी,धनंजय शर्मा ग्वालियर से लवकुश पटेल नंदराम सुमन ने भूमिका निभाई प्रथम सेमीफ़ाइनल मैच गुड़गांव हॉस्टल दिल्ली एवं पंजाब के मध्य खेला गया जिसमें गुड़गांव हॉस्टल दिल्ली ने निरंतर तीनों सेट जीतकर फ़ाइनल में प्रवेश किया दूसरा सेमी फ़ाइनल मैच हरियाणा और राजस्थान के मध्य पाँच सेटो का बहुत कड़ा व रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें तीन सेट जीतकर राजस्थान ने अपनी स्थान सुनिश्चित किया। फ़ाइनल मैच गुड़गांव हॉस्टल दिल्ली का राजस्थान के मध्य हुआ जिसमें राजस्थान ने निरंतर तीनों सेट जीते। आयोजन प्रसिद्ध बुंदेली कलाकार विश्वनाथ पटेल, राघवेंद्र सिंह लोधी, बारेलाल मिस्त्री, दुर्गा सेन,गुड्डू भैया,शुभम शरण रामलाल पटेल ने मैच का आनंद लिया समिति ने सभी कलाकारों का गर्मजोशी के साथ स्वागत व सम्मानित किया उक्त मौके पर बच्चें, युवाओ ने कलाकारों के साथ सेल्फी ली। समापन बेला में मंत्री भतीजे पुष्पेंद्र पटेल ने विजेता एवं टीम को नगद व शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया एवं मंत्री के निज सचिव मनोज खरे द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। जी.पी कुर्मी,जसवंत सिंह राजपूत थाना प्रभारी मोती नगर सागर,भूषण पटेल सेमरा बुजुर्ग, मनीष पटेल, बद्री पटेल, लीलाधर पटेल,केशवराम गुसरैय्या वरिष्ठ खिलाड़ी पुरुषोत्तम(मोती) पटेल, मनोज यादव,पवन पटेल एवं अन्य वॉलीबॉल खिलाड़ियों,कार्यकर्ताओ खेल प्रेमियों की उपस्थित रहीं।

# कौरता में भगवान सहस्त्रबाहु की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन



**बनवार।** कौरता में भगवान सहस्त्रबाहु की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जबेरा नरसिंह बिहारी देवालय मंदिर से शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो कौरता ग्राम नवनिर्मित मंदिर तक गई। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह पूजन किया गया और भगवान सहस्त्रबाहु की आरती की गई। इसके बाद, शोभायात्रा कौरता पिपारिया पहुंची, जहां पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सुरेश तिवारी जी द्वारा पूजन किया गया। स्थापना समस्त भागवत श्रोता जो मुख्य भागवत पुराण में बैठे थे और बसंत राय एवं उनके परिवार ने पूजन कर भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की। प्राण प्रतिष्ठा स्थल बसंत राय के मकान के सामने हनुमान मंदिर चौराहा मेन रोड कौरता में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया।

# पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन



**तेंदूखेड़ा ।** नगर के अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, तेंदूखेड़ा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2025 के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के बैनर तले महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के लगभग 300 विद्यार्थियों नें सहभागिता की। विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाए गए, जिनका मूल्यांकन महाविद्यालय के आज के प्रभारी प्राचार्य सुरेश डोडवे, एवं मूल्यांकन समिति के संयोजक श्री मेघसिंह वर्मा, एवं सदस्य डॉ संध्या स्थापक, रिचा लोधी और डॉ रश्मि मिश्रा एवं परवेन्द्र चक्रवर्ती द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन, डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पारिषद, भोपाल के द्वारा उत्प्रेरित तथा प्रायोजित किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष विज्ञान दिवस के लिए विकासशील भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना थीम निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री शंकर सिंह ठाकुर, कार्यक्रम के समन्वयक डॉ अरुणेन्द्र कुमार पटेल, आयोजन सचिव डॉ मनीषा कुमारीया, कंप्यूटर ऑपरेटर हरिशंकर चक्रवर्ती, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हुक्म प्रसाद अहिरवार, मनीष बेन एवं आकाश सिंह का विशेष योगदान रहा।

# भीष्म पितामहः एक अद्वितीय उदाहरण आजीवन त्याग और समर्पण का

**बनवार।** खमरिया तिराहे श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में प्रवक्ता बालव्यास पं.ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने पितामह भीष्म की अद्वितीय कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि पितामह भीष्म ने अपने पिता शांतनु के लिए आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन किया था, जो कि एक बहुत बड़ा त्याग था। उनका नाम भीष्म इसलिए पड़ा क्योंकि उन्होंने अपने पिता की खुशी के लिए अपनी खुशी को बलिदान कर दिया था। महाराज ने कहा कि जीवन में कठिनाइयों का सामना हो तो उसे भगवान का प्रसाद मानकर धारण करना चाहिए। सुख और दुख कर्मों का फल है जो समयानुसार ही सब को प्राप्त होता है। कथा के दौरान महाराज ने एक प्रसंग के माध्यम से बताया कि सभी को एक ही अग्नि में जलाया जाता है चाहे वह अमीर हो या गरीब। अपने जीवन में अच्छे व्यक्ति की संगति करना चाहिए। कथास्थल में श्रद्धालुओं ने महाराज के मधुर गीत ‘जिंदगी एक किराए का घर है पर भाव विभोर नाचते गाते नजर आये। मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से पूरी तरह से भरा रहा और सभी श्रद्धालु पूरी श्रद्धा-भाव से कथा का आनंद लिया।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर उपकाशी के मंदिरों में हुई हल्दी रस्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर में हिंदू राष्ट्र कावड़ यात्रा मित्र मंडली द्वारा कमला नेहरू वार्ड मां विंध्यवासिनी मंदिर में बाबा भोलेनाथ को हल्दी उबटन की रस्म का आयोजन किया गया। अपने घरों से हल्दी लाकर शंकर जी को लगाई महिलाओं ने मंगल गीत गाए एवं एक दूसरे को हल्दी लगाकर ढोलक की थाप पर नाचते नजर आए। इसके उपरांत भक्तों द्वारा नगर में विराजमान समस्त शिवालयों पर ढ़ोल नगाड़ों के साथ झूमते नाचते हुए जाकर भगवान भोलेनाथ को हल्दी अर्पित की और रास्ते में भक्तों ने लोगों ने एक दूसरे को हल्दी लगाकर शिव बारात का आमंत्रण दिया। वहीं सरिता सुनार के तट पर विराजे भूतेश्वर महादेव मंदिर में भी हल्दी रस्म एवं संगीत का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें अनेकों भक्तो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए भगवान भोलेनाथ को हल्दी चढ़ाई। इसके अलावा देवश्री गौरीशंकर मंदिर में विराजमान दूल्हा बेषधारी भगवान गौरीशंकर के विवाह की विशेष तैयारी की जा रही है जहां मंदिर प्रांगण में हर मंडप आकर्षक रूप से सजाया गया जिसमें आज महाशिवरात्रि के पर भगवान गौरीशंकर का धूमधाम के साथ विवाह संपन्न होगा। बाबा की बारात कमला नेहरू वार्ड शंकर जी के चबूतरा से धूमधाम से नगर में निकाली जाएगी। महाशिवरात्रि पर्व की लेकर गौरीशंकर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजा कर विद्युत रोशनी से जगमगाया गया जहां उपकाशी के हजारों भोले के भक्त भगवान गौरी शंकर के विवाह में सम्मिलित होंगे।

# नव दिवसीय नवकुडातमक शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन 28 फरवरी तक



**पथरिया।** जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहलवारा के ग्राम कांकरदा में नव दिवसीय नवकुडातमक शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन 20 से 28 फरवरी तक संगीतमय शिवमहापुराण कथा स्थान शिव पार्वती विवाह महोत्सव शिव पार्वती मंदिर दुनयधाम कांकरदा में द्वारा में आयोजित किया जा रहा है जिसमें संरक्षक हनुमान जी महराज, यज्ञकर्ता श्री 108 महंत श्री रामदास आसरे दास श्रीधाम वृंदावन, यज्ञाचार्य पं.राममोहन पाण्डे जी व कथा व्यास पं.महेंद्र प्रसाद दुबे शास्त्री जी मगरोन वाले के द्वारा की जा रही है। उक्त कार्यक्रम में सभी धर्म प्रेमी पहुंचकर धर्मलाभ लें।

## खबर संक्षेप

### पंचवटी सिद्धधाम में भोलेनाथ की बारात का होगा भव्य स्वागत

**तेंदूखेड़ा।** नगर के पंचवटी सिद्धधाम में मंगलवार को भगवान भोलेनाथ की हल्दी की रस्म गाजे बाजे के साथ बडे धूमधाम से पूरी की गई। साथ ही भोलेनाथ एवं माता पार्वति को मेंहदी की रस्म की गई। इस दौरान दर्जनो महिलाए मोजूद रही। आज महाषिव रात्रि के दिन भगवान भोले नाथ की भव्य वरात थाना परिसर पिपलेस्वर महादेव से आएगी जिसका स्वागत पंचवटी सिद्ध के समिति के द्वारा किया जाएगा। साथ ही भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वति का विवाह साम 6 बजे सम्पन्न होगा। महाषिवरात्रि पर सुबह 10 बजे षिवलिंग निर्माण एवं रूद्राभिषेक होगा एवं साम 7 बजे भगवान भोलेनाथ की महा आरती होगी।

### मां बड़ी देवी मंदिर को ईट राइट प्लेस ऑफ वरशिप - सेफ भोग प्रमाण पत्र

**दमोह ।** भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार (एफ.एस.एस.ए.आई.) के प्रोजेक्ट सेफ भोग के तहत सभी पूजा स्थलों में वितरित होने वाला प्रसाद एवं भोजन एवं उसके समीप खाद्य प्रतिष्ठानों को फ़ूड सेफ्टी के तहत फ़ूड लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होता है। दमोह जिले में स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर शुद्ध एवं सुरक्षित प्रसाद एवं भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत माधवी बुधौलिया खाद्य सुरक्षा अधिकारी के सहयोग से दमोह शहर के हटा रोड स्थित मां बड़ी देवी मंदिर को सेफ भोग प्रमाणन हेतु चयनित किया गया था। एफ.एस.एस.ए.आई. ने केंद्रीय ऑडिटर की प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट अनुसार मां बड़ी देवी मंदिर को सेफ भोग प्रमाण पत्र जारी किया है। उक्त प्रमाण पत्र 25 फरवरी 2025 से 24 फरवरी 2027 की अवधि तक वैध रहेगा।

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी जबेरा को कारण बताओ सूचना पत्र किया जारी

**दमोह।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जबेरा रामेश्वर प्रसाद पटेल द्वारा शिकायतों के निराकरण निर्धारित समय-सीमा में न किए जाने के कारण शिकायतें अनिराकृत रहकर उच्च स्तर पर पहुंचने से जिले की ग्रेडिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, जिससे राज्य स्तर पर जिले की छवि धूमिल होती है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जबेरा श्री पटेल का उपरोक्त कृत्य सीएम हेल्पलाइन के प्रति उदासीनता एवं आपकी स्वेच्छाचारिता को स्पशष्ट रुप से व्यक्त करता है जो म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का उल्लंघन मानते हुये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुये कहा है कारण बताए कि क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाये। इस विषय में अपना उत्तर 03 दिवस में प्रस्तुत करें, अन्यथा की दशा मे आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा लगातार संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है कि समस्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में अटेण्ड करते हुए निराकरण प्रतिवेदन दर्ज किया जाये। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अनिराकृत हो रही शिकायतों की समीक्षा की गई जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जबेरा रामेश्वर प्रसाद पटेल द्वारा विगत 06 माहों (जुलाई 2024 से दिसम्बर 2024 तक) में लगातार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों में निर्धारित समय अवधि में निराक प्रतिवेदन दर्ज नहीं किये गये है, जिससे उक्त शिकायतें अनिराकृत होकर उच्च स्तर पर पहुँची गई है।

### अवैध कॉलोनी पर एफआईआर आदेश के बावजूद निर्माण कार्य जारी

**बनवार।** जबेरा तहसील के मौजा बम्हौरी सिंगौरगढ़ में अवैध कॉलोनी के निर्माण पर एफआईआर आदेश होने के बावजूद निर्माण कार्य जारी है। स्थानीय निवासी इस अवैध निर्माण कार्य से परेशान हैं और उन्होंने अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों में राजेश दुबे ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी तेंदूखेड़ा द्वारा अवैध कॉलोनी के निर्माण पर एफआईआर आदेश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि यह अवैध निर्माण कार्य क्षेत्र के लिए खतरनाक है और इससे स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही है।निवासियों ने अधिकारियों से अवैध निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। अवैध निर्माण कार्य पर रोक नहीं लगाई गई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## महाशिवरात्रि आज : धूमधाम से होगा शिव-पार्वती विवाह का आयोजन

जिले भर से जागेश्वरनाथ धाम पहुंचेगी शिवजी की बारात

# शिव पार्वती विवाह की तैयारियां पूर्ण, दुल्हन की तरह सजा श्री जागेश्वरधाम बांदकपुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव पार्वती विवाह के भव्य आयोजन की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। पूरा मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। भगवान शिव-पार्वती के विवाह के लिए आम व केले के पत्तों से विशाल मंडप तैयार किया गया है। जहां पर पूरी रात विवाह की रस्में निभाई जाएंगी। वहीं देश भर से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए विशेष अवस्थाएं की गई हैं इस बार गर्भ ग्रह में प्रवेश निषेध है। गर्भ ग्रह के बाहर से ही पाइप लाइन जल चढ़ाने की अच्छी व्यवस्था की गई है दर्शनार्थियों को कोई परेशानी न हो इसके लिए सुविधाओ का विस्तार किया गया है। इस बार मंदिर परिसर में भीड़ जमा न हो इसके लिए भी बैरिकेटिंग की गई है श्रद्धालु दिव्य स्वयंभू के दर्शन करके सीधे माता पार्वती के मंदिर पहुंचेंगे। जहां पर माता पार्वती के दर्शन करते हुए मंदिर के पीछे के द्वारा मां दुर्गा भैरव बाबा देव दर्शनों के बाद मंदिर बाहर निकलने की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में भीड़ जमा होने की पूरी संभावनाएं खत्म कर दी गई है। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से बांदकपुर में पुलिस कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर सैकड़ों कांवरियों के जत्थे भी बांदकपुरधाम पहुंच चुके हैं। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या में करीब लाखों श्रद्धालु बांदकपुर पहुंच गए हैं जो कांवड़ियों के जत्थे रास्तों में वह देर रात तक बांदकपुर धाम पहुंच जाएंगे। इस बार महाशिवरात्रि पर लाखों भक्तों के आने की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रबंधन द्वारा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### पांच जगह से आएंगी शिवजी की बारात

पूर्व में जागेश्वरनाथ धाम में आयोजित शिव विवाहोत्सव के लिए दमोह के तीन गुल्ली पुराना थाना बारात आती थी, लेकिन अब आनु पटेरा हटा एवं बम्हौरी माला सहित अन्य गांव से हजारों की संख्या में भगवान शिव व उनके गणराज की वेश ढोल नगाड़ों डीजे की धुनों पर नाचते श्रद्धालु बारात लेकर रात्रि में पहुंचते हैं। पूरी रात्रि भर जागेश्वरनाथ का विवाह महोत्सव चलता है। मंदिर प्रबंधक रामकृपाल पाठक ने बताया कि 26 फरवरी को जागेश्वरनाथ के विवाह उत्सव की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। पूरे मंदिर परिसर को विशेष साज-सज्जा से दुल्हन की तरह सजाया गया है। रंग-बिरंगी रोशनी से पूरा मंदिर परिसर नहाया हुआ है। और देव नगरी की छवि को अपने आप में समेटे मंदिर प्रांगण की सुंदरता आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। भारी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ मंदिर परिसर की साफ-सफाई को ध्यान में रखते हुए अस्थायी शौचालय एवं स्नानागार की व्यवस्था की गई है। मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक राम कृपाल पाठक नहीं बताया प्रति वर्ष महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धालुओं की संख्या 20 से 25 प्रतिशत वृद्धि हो रही महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर करीब बड़ी संख्या श्रद्धाल बांदकपुर पहुंच गए हैं। श्रद्धालुओं को सुगमता से भगवान श्री देव जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शनों के लिए तमाम व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। मंदिर के कपाट प्रभात 3:00 से लेकर पूरी रात्रि खुले रहेंगे महाशिवरात्रि की संध्या आरती में भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा और विशेष भोग लगाया जाएगा।

### 314 वर्ष पूर्व में माता सती के साथ प्रकट हुए थे देवश्री जागेश्वरनाथ का दिव्य शिवलिंग



**बनवार।** बुंदेलखंड ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत में दमोह जिले के बांदकपुर धाम मे देव श्री जागेश्वरनाथजी के दिव्य शिव लिंग की महिमा दिनों बढ़ती जा रही है। बताया गया है कि दो शताब्दी पूर्व 1711में शिवलिंग का उद्घव हुआ। तभी से उनके नित्य चमत्कारों से जनमानस परिचित होता चला आ रहा है। मान्यता है कि सती माता की प्रतिमा के साथ स्वयंभू शिव लिंग का उद्भाव हुआ था और आज भी सती माता की प्रतिमा शिव लिंग की पूजन करने की मुद्रा में दोनों हाथों के बीच दिव्य शिवलिंग लिए हुए है जो कि शिवलिंग को जलहरी के समुख मंदिर की दीवार की ओर बने स्थान पर शिव लिंग पर दृष्टि बनाएं बैठी है। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक बताते हैं कि स्वयंभू शिव लिंग के साथ ही सती माता की प्रतिमा भूगर्भ से स्वंयभू शिवलिंग के साथ निकली थीं। जागेश्वर महादेव जी का शिवलिंग है। यह शिवलिंग जिस स्थान पर है वही पर अनादि काल से भगवान जागेश्वर नाथ महादेव का दिव्य और भव्य शिवलिंग प्रगट हुआ था जिनके साथ माता सती की प्रतिमा भी प्रगट हुई थी। सन 1711 मन्दिर निर्माण के समय जन मानस को दर्शन प्राप्त हुए थे शिवलिंग इतना विशाल है। इसे अपनी दोनों भुजाओं से भेंटते समय शिवलिंग दोनों भुजाओं में नहीं समा नही पाते। इसी जगह उत्तर की ओर जलहरी के पास माता सती की प्राचीन पत्थर की मूर्ति विराजमान है। श्री महादेव जी मंदिर से लगभग 21 मीटर की दूरी पर सामने एक दूसरा प्राचीन मंदिर है। यह मंदिर श्री जागेश्वर जी महादेव जी के समान ही है इस मंदिर में माता पार्वती की प्रतिमा जिस की प्राण प्रतिष्ठा सन 1944 ईस्वी में हुई थी माता पार्वती की मूर्ति लगभग 1 मीटर ऊंची है संगमरमर की है। इस मूर्ति की दृष्टि ठीक श्री जागेश्वर नाथ जी महादेव पर पड़ती है कलाकारों ने इसकी स्थापना अद्भुत ढंग से की है की दर्शनार्थी श्री महादेव जी की पूजा करते समय माता पार्वती के दर्शन होते सती माता की प्रतिमा को राजा दक्ष के प्रसंग से जोड़कर देखा जाता है। सती माता से शक्ति पीठों की स्थापना धार्मिक मान्यता जुड़ी हुई है इसलिए मान्यता है की देवश्री जागेश्वरनाथ के दर्शनों के किए विना चार धामों की यात्रा का पुण्य नहीं मिलता है।

### भगवान जागेश्वर नाथ महादेव की हल्दी मंडप कार्यक्रम संपन्न



**बनवार।** महाशिवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर भगवान जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में महादेव की हल्दी मंडप कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक विधि-विधान के साथ हल्दी और तेल चढ़ाने की रस्म पूरी की। महाशिवरात्रि पर्व में भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह महोत्सव में श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर भगवान के विवाह का लौकिक युग में अलौकिक भक्ति आनंद लेंगे। इस दौरान मंदिर परिसर में विशेष सजावट की गई है, और महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या से आयोजित कार्यक्रमों से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। भगवान जागेश्वर नाथ महादेव के विवाह महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं।

# मुख्यमंत्री आज अजबधाम वार्षिक उत्सव एवं नोहलेश्वर महोत्सव में होंगे शामिल

**दमोह ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का आगमन आज जिले की पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर (अजबधाम) में अपरान्ह 04 बजे पूज्य जै जै सरकार जी के वार्षिक महोत्सव के पावन अवसर पर होने जा रहा है। इसके साथ ही नोहटा में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव के कार्यक्रम में शामिल होगें। नोहटा में संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सींग लोधी द्वारा भव्य स्वागत सत्कार की तैयारिंया की गई है तो वहीं अजबधाम में राज्यमंत्री लखन पटैल द्वारा विशेष तैयारियां कराई गई है।

मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 फरवरी को अपरान्ह 04 बजे फतेहपुर हेलीपेड पर पहुंचेंगे जहां उनका स्वागत होगा, आप अपरान्ह 04:05 बजे अजब धाम परिसर पहुंचकर मंदिर में दर्शन करेंगे, अपरान्ह 4.10 बजे वेद पाठ का अवलोकन करते हुये ई-कार्ट से सभा स्थल पहुंचेंगे, अपरान्ह 4:15 बजे मंच पर पहुंचेंगे एवं मंचासीन संतों का आर्शीवाद प्राप्त करेंगे। अपरान्ह 4:17 बजे अतिथि स्वागत किया जायेगा, अपरान्ह 4:20 बजे स्वागत-उदबोधन प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल द्वारा किया जायेगा। अपरान्ह 4:22 बजे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सभा को संबोधित करेंगे। अपरान्ह 4:37 बजे मुख्यमंत्री जी को स्मृतिचिन्ह भेंट किया जायेगा। अपरान्ह 4:40 बजे आभार प्रदर्शन किया जायेगा। अपरान्ह 4:42 बजे मुख्यमंत्री जी सभा स्थल से हेलीपेड के लिए प्रस्थान करेंगे एवं अपरान्ह 4:45 बजे फतेहपुर हेलीपेड से नोहटा हैलीपेड के लिए रवाना होंगे। इसी प्रकार मुख्यमंत्री डॉ यादव का शाम 05 बजे नोहटा हैलीपेड पर आगमन एवं स्वागत स्वागत किया जायेगा। आप शाम 05: 05 बजे नोहलेश्वर मंदिर पहुंचकर दर्शन एवं पूजन करेंगे, शाम 05:10 बजे महोत्सव स्थल पर आगमन होगा, शाम 05:12 बजे अतिथि स्वागत किया जायेगा, इसके पश्चात शाम 05:15 बजे स्वागत उदबोधन प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी द्वारा किया जायेगा। शाम 05:17 बजे मुख्यमंत्री जी का उदबोधन होगा, शाम 05:32 बजे मुख्यमंत्री जी को स्मृतिचिन्ह भेंट किया जायेगा। शाम 05:35 बजे सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जायेगी। तदोपरांत शाम 05:40 बजे आभार प्रदर्शन होगा। शाम 05:42 बजे मुख्यमंत्री जी महोत्सव स्थल से हेलीपैड के लिए प्रस्थान करेंगे एवं शाम 05:45 बजे हैलीपेड से खजुराहो जिला छतरपुर के लिये रवाना होंगे।

### पति ने प्रेमी के चंगुल से छुड़ाने जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक से की लिखित शिकायत

# दो बच्चों की मां शिक्षक के प्रेमजाल में फंसकर भागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

हटा थाना क्षेत्र के नगरीय इलाके में एक शासकीय शिक्षक द्वारा बड़े-बड़े दो बच्चों की मां को प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है जिसकी शिकायत पीड़ित पति द्वारा पुलिस अधीक्षक से मंगलवार को जनसुनवाई में करते हुए प्रेमी के चंगुल से पत्नी को छुड़ाएं जाने की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक दमोह को जनसुनवाई में पीड़ित पति हटा निवासी मुकेश प्रजापति ने लिखित शिकायत देकर बताया कि उसकी पत्नी नगरीय क्षेत्र में आशा कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ है एवं एक बेटा बालक एवं एक नाबालिक है जो कि पूर्व में मुहल्ले में ही एक किराए के मकान में ग्राम दादपुर निवासी शासकीय शिक्षक राजधर पटेल जो दमोह एक्सीलेंस स्कूल में पदस्थ है जिसकी पत्नी गर्भवती होने पर मेरी पत्नी आशा कार्यकर्ता का शिक्षक की पत्नी की जांच करने हेतु उसके यहां आना जाना रहता था उसी दौरान शिक्षक राजधर ने मेरी पत्नी पर तांत्रिक क्रिया करवाकर उसे प्रेमजाल में फंसा लिया और विगत 6 माह पूर्व पत्नी दोनों बच्चों सहित सारा गृहस्थी का सामान घर से लेकर शिक्षक के साथ भाग गयी और दमोह में शिक्षक के साथ रहकर वह मेरी पत्नी से अनैतिक कार्य करवा रहा है जिसकी शिकायत मेरे द्वारा हटा पुलिस थाना में की गई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे में मानसिक रूप से प्रताड़ित हूं और मेरी समाज में छवि धूमिल हो गई। पीड़ित पति ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए उक्त शासकीय शिक्षक पर कार्यवाही करने की मांग करते हुए पत्नी को शिक्षक के चंगुल से छुड़ाने की गुहार लगाई है ताकि मेरा परिवार बर्बाद होने से बच सके।

# बोर्ड परीक्षाओं का लिया जायजा

**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू और व्यवस्थित संचालन के लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में गठित जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल अपर कलेक्टर मीना मसराम एवं एसएलआर द्वारा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल, शासकीय उर्दू स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने जेपीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अग्रवाल स्कूल, नवजागृति, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला का निरीक्षण किया। इसी तरह विकाखण्ड स्तरीय दल ने हटा ब्लाक के नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल हटा, उत्कृष्ट स्कूल हटा, कांटी हाई स्कूल और मड़ियादो हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा केंद्रों में बारहवी बोर्ड परीक्षा का जायजा लिया। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। उड़नदस्ता दल के अधिकारियों में नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल, बीईओ बी एल विदोलया, बीआरसी एमएल अहिरवार शामिल रहे। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाओ का जायजा लिया।

### अजयगढ़ के हंसमुख एवं मिलनसार युवा व्यापारी ने अज्ञात कारणों से लगाई फांसी,र

**पन्ना।** अजयगढ़ कस्बे के वार्ड क्रमांक 9 में रहने वाले हंसमुख एवं मिलनसार पशु आहार के व्यापारी सत्य प्रकाश गुप्ता पिता श्यामलाल गुप्ता उम्र लगभग 35 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर के अंदर किचन में फांसी के फंदे पर झूल कर जीवन लीला समाप्त कर ली है। इस घटना से परिवार में कोहरा मच गया है। जैसे ही लोगों को यह जानकारी मिली नगर में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया है कि सत्य प्रकाश के घर में पत्नी और दो मासूम बच्चों के साथ-साथ भरा पूरा परिवार था और व्यापार भी ठीक-ठाक चल रहा था किसी से कोई विवाद भी नहीं था इसके बावजूद इस प्रकार का आत्मघाती कदम उठाकर जीवन लीला समाप्त करने से लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। फिलहाल अजयगढ़ थाना पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर पंचनामा उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवा व्यापारी के द्वारा इस प्रकार जीवन लीला समाप्त करने का कारण पुलिस विवेचना के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा फिलहाल लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।उक्त घटना आज दिनांक 25 फरवरी 2025 की सुबह 6 बजे की बताई जा रही है।

# हायर सेकेंडरी परीक्षा के प्रथम दिन एक विद्यार्थी नकल करते पकड़ा गया

**12,186 में से 12,020 परीक्षार्थी रहे उपस्थित**

**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 के अंतर्गत 25 फरवरी को हिंदी विषय का प्रश्न पत्र आयोजित किया गया, जिसमें जिले के 78 केंद्रों में कुल 12,186 में से 12,020 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, 166 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फुटेरा कला में एक परीक्षार्थी नकल करते हुए पाया गया, जिसका प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जिले में नकल रहित परीक्षा संपन्न कराने एवं अनुशासन को बनाए रखने हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर पर कुल 19 दल गठित किए गए हैं, जो परीक्षा केंद्रों पर निरंतर निगरानी रख रहे हैं। जिला स्तर पर जेपीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है जहां पर सभी 84 केंद्र पर लगे हुए सीसीटीव्ही कैमरे ऑनलाइन मोड पर जुड़े हुए हैं, जहां से वरिष्ठ अधिकारी सभी केंद्रो का जायजा ले रहे हैं। भ्रामक एवं झूठी खबर फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु जिला स्तरीय सोशल मीडिया के एक्सपर्ट की एक सेल गठित की गई है जो निरंतर ऐसे व्यक्तियों पर नजर रखे हुए हैं, जो भी व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि पर कोई भी भ्रामक खबर भेजेगा उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

# पेपर देकर लौट रही छात्रा 15 फीट ऊंचे पुल से नीचे गिरी

**तेन्दूखेड़ा।** मंगलवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौकी अंतर्गत आने वाले सोमखेड़ा गांव की एक कक्षा बारहवीं की छात्रा मंगलवार को हिंदी का पेपर देकर लौटते समय 15 फीट ऊंचे पुल से नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा को गांव के एक व्यक्ति ने देखा और तुरंत परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन 108 एंबुलेंस की मदद से छात्रा को जिला अस्पताल ले गए। जहां उसके पैर में गंभीर चोट के चलते इलाज जारी है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार छात्रा क्रांति खंगार ने बताया कि वह इमलिया के हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र में पेपर देने गई थी परीक्षा के दौरान ही उसे हल्के चक्कर आ रहे थे 12 बजे पेपर देकर वह पैदल ही घर लौट रही थी पहरेवा नदी के पुल पर पहुंचते ही अचानक चक्कर आने से वह बेहोश होकर पुल से नीचे सूखी नदी में गिर गई। इसके बाद उसे कोई होश नहीं रहा छात्रा के चाचा ने बताया कि परीक्षा केंद्र घर से तीन किमी दूर है, जहां वह बस से गई थी लेकिन लौटते समय पैदल आ रही थी। पुल से गिरने पर वह नदी के नीचे पत्थरों पर गिरी, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई गांव के एक व्यक्ति ने घायल हालत में उसे देखा और पहचान कर परिजनों को घटना की सूचना दी तुरंत 108 एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है और हालत गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि छात्रा के पुल से गिरने की सूचना मिली है पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और छात्रा के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना का कारण अज्ञात है, हालांकि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार छात्रा को चक्कर आने के कारण यह हादसा हुआ है।

### वाहन नहीं मिलने से छात्र छात्राओं को होना पड़ता है परेशान

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बने परीक्षा केंद्रों पर समय पर पहुंचने के चक्कर में बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है क्योंकि आज भी कुछ मार्गों पर सुबह यात्री बसे और अन्य वाहन नहीं मिलने के कारण तीन से पांच किमी दूर तक पैदल चलकर आना जाना होता है। जिसके कारण बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि अगर समय पर परीक्षा केंद्रों पर नहीं पहुंचे तो फिर बच्चों को पेपर देने नहीं मिलता है और उनका पूरा साल खराब होता है इस और शासन प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

